# समाचार

## स्वच्छ भारत मिशन–स्वच्छता पखवाड़ा

## नेहरूनगर वृक्षारोपण क्षेत्र में किया गया सफाई कार्य



कोरबा 10 जून 2016 –स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित किए जा रहे विभिन्न थीम आधारित पखवाड़े के तहत आज निगम के नेहरूनगर चिमनीभट्ठा स्थित प्लांटेशन एरिया में विभिन्न साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया गया। एम.एल. सी. कम्प्यूटर कालेज के छात्र–छात्राओं, टीचिंग स्टाफ एवं निगम के जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों में थीम आधारित पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में '' समस्त वन उपवन, आरक्षित जंगल, अभयारण्यों पशु कल्याण संस्थान इत्यादि '' थीम पर स्वच्छता पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के नेहरूनगर चिमनीभट्ठा स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया गया। आज संपादित किए गए साफ–सफाई कार्यो में पार्षद सिमरनजीत कौर, एल्डरमेन मंजू सिंह, पप्पी सिंह, एम.एल.सी. कम्प्यूटर कालेज की संचालिका साधना शर्मा, व्यवस्थापक भूपेन्द्र शर्मा, निगम के स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान निरीक्षक आनंद राठौर आदि के साथ एम.एल.सी. का टीचिंग स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं ने साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया।

**13 जून को लायंस उद्यान में होगा सफाई कार्य**– स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उपरोक्त थीम पर संचालित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत 13 जून को लायंस उद्यान में, 14 जून को रविशंकर नगर उद्यान में एवं 15 जून को ट्रेफिक पार्क दर्री में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन किया जाएगा।